# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ

पत्रांक :
दिनांक : 20.08.2020

## आवश्यक सूचना (संशोधित)

### प्री0–पीएच0डी0 कोर्सवर्क–शिक्षाशास्त्र विषय के अभ्यर्थियों के लिए

विश्वविद्यालय के आदेश के क्रम में प्री–पीएच.डी. कोर्सवर्क हेतु अवमुक्त श्रेणी हेतु निर्धारित कुल सीट के सापेक्ष जिन छात्र/छात्राओं का नाम कोर्स वर्क में प्रवेश हेतु चयनित किया गया है, ऐसे समस्त चयनित छात्र एवं छात्राओं को सूचित किया जाता है कि कोरोना वायरस (कोविड–19) से बचाव हेतु प्रदेश सरकार एवं विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किये गए लॉकडाउन के कारण दिनांक 20.08.2020 से 05.09.2020 तक अनिवार्य रूप से प्री0–पीएच0डी0 कोर्सवर्क में ऑनलाइन शुल्क जमा करके प्रवेश ले सकते हैं।

अवमुक्त श्रेणी JRF की सूची में शामिल ऐसे विद्यार्थी जिनकी JRF के आधार पर पूर्व में RDC हो चुकी है एवं वह अपने शोध केंद्र पर पंजीकृत हो चुके हैं, उन्हें भी दिनांक 20.08.2020 से 05.09.2020 तक प्री0–पीएच0डी0 कोर्सवर्क के लिए ऑनलाइन शुल्क जमा कर प्रवेश लेना अनिवार्य है , प्रवेश न लेने की दशा में उनका प्री0 पी–एच0डी0 कोर्स वर्क की सूची में से नाम निरस्त कर दिया जायेगा वे इसके लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे तथा विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही किये जाने की दशा में उनका पंजीकरण भी निरस्त किया जा सकता है।

प्री0 पी–एच0डी0 कोर्स वर्क की प्रवेश सूची में स्थान पाने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है, कि प्री0 पी–एच0डी0 कोर्स वर्क का शुल्क (सामान्य व अन्य पिछडा वर्ग के लिए रू 25000/– मात्र एवंम अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए रू 12500/– मात्र) आनलाइन जमा करने के उपरान्त शुल्क की रसीद, सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों जैसे–एम0फिल0 में काउन्सिलिंग के माध्यम से प्रवेश लेने/प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने तथा कार्यमुक्त होने,का प्रमाण पत्र अनापत्ति प्रमाण पत्र नियोक्ता द्वारा निर्गत किया गया हो एवम अन्य सभी प्रपत्रो को ई–मेल educationccsuniversty@gmail.com पर अथवा समन्वयक कोर्स वर्क शिक्षा विभाग चौ0 चरण सिंह वि0वि0 मेरठ को स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से दिनांक 05.09.2020 तक विभाग/विश्वविद्यालय पहुंचाना सुनिश्चित करें । विलम्ब की स्थिति में विभाग/विश्वविद्यालय उत्तरदायी नही होगा। यदि निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा नही कर पाते है, तो उनका प्रवेश निरस्त हो जायेगा।

प्री0–पीएच0डी0 कोर्सवर्क की सूची में स्थान पाये अभ्यर्थी ऑन लाईन शुल्क जमा करने से पूर्व यह सुनिश्चित कराले कि वे शिक्षाशास्त्र विषय में प्री0–पीएच0डी0 कोर्सवर्क करने हेतु अनिवार्य आवश्यक शैक्षिक योग्यता धारण करते है। शिक्षाशास्त्र विषय में पीएच0डी0 हेतु एम0एड0 उपाधि में सामान्य व अन्य पिछडा वर्ग के लिए 55 प्रतिशत प्राप्तांक एवंम अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए 50 प्रतिशत प्राप्तांक होना अनिवार्य है।

यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा जमा किये गये शैक्षणिक प्रमाण पत्रो, अन्य सम्बन्धित प्रपत्रो में किसी भी प्रकार की विसंगति पाई जाती है अथवा कोई भी प्रमाण पत्र कूटरचित पाया जाता है, तो उसका अभ्यर्थन कोर्स वर्क पूर्ण होने के उपरान्त कभी भी निरस्त कर दिया जाएगा व विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही करने को स्वतंत्र होगा और उसके द्वारा जमा किया गया शुंल्क किसी भी दशा में वापस नही किया जाएगा। समस्त जिम्मेदारी उनकी स्वयः की होगी।

सभी अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि प्री0–पीएच0डी0 कोर्सवर्क हेतु परिस्थितिया सामान्य होने तक या शासन की गाईड लाईन आने तक ऑनलाईन कक्षाए प्रारम्भ की जाएगी। अतः वि0 वि0 की वेब साईट पर इस सम्बन्ध में सूचना देखते रहे।

प्री0–पीएच0डी0 कोर्सवर्क का निर्धारित शुल्क निम्न एकाउन्ट में दिनांक 05.09.2020 तक आनलाईन जमा किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| A/C Name | - | CCS University Pre-Ph.D. Course Work A/C |
| A/C No | - | 50199470125 |
| IFSC Code | - | ALLA0210144 |
| Bank Name | - | Indian Bank |
| Branch | - | Meerut University, Meerut |

20.8.2020
विभागाध्यक्ष
चौ चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ

20.08.2020
सहा0 कुलसचिव (शोध)
चौ चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ